# PP-5

# वार्षिक परीक्षा – 2025
# कक्षा : 11
# विषय : इतिहास

**समय : 3:00 घण्टा )** **( पूर्णांक : 90**

**नोट—** सभी प्रश्न अनिवार्य है। इस प्रश्न पत्र में पांच खण्ड है। खण्ड— क में 10 बहुविकल्पीय प्रश्न है, खण्ड— ख में 5 अतिलघु उत्तरीय प्रश्न है, खण्ड—ग में 6 लघु उत्तरीय प्रश्न है। खण्ड— घ में 3 विस्तृत उत्तरीय प्रश्न है तथा खण्ड— ङ में ऐतिहासिक तिथियों व मानचित्र से सम्बन्धित प्रश्न है।

**खण्ड–क बहुविकल्पीय प्रश्न ( 10 अंक )**

1. उत्तरी अमेरिका के मूल निवासियों ने अपना इतिहास लेखन कब प्रारम्भ किया—

(क) सन् 1740 में (ग) सन् 1760 में

(ख) सन् 1761 में (घ) सन् 1861 में

2. सिडनी कहाँ है—

(क) अमेरिका में (ग) कनाडा में

(ख) रूस में (घ) ऑस्ट्रेलिया में

3. 1911 में ऑस्ट्रेलिया की राजधानी किस नगर को बनाया गया—

UPBoardHub

(क) कैनबरा (ग) मेलबर्न

(ख) पर्थ (घ) डार्विन

4. आधुनिक चीन का निर्माता किसे माना जाता है—

(क) ली चुंग (ग) युआन—शीकाई

(ख) सन यात सेन (घ) चियांग काइशेक

5. द्वितीय विश्व युद्ध के समय जापान के किन दो नगरों पर नाभिकीय बम गिराये गये—

(क) ओसाका तथा कोबे (ग) हिरोशिमा तथा नागासाकी

(ख) ओसाका एवं नागासाकी (घ) योकोहामा तथा कोबे

6. संयुक्त राज्य अमेरिका की कौन सी सरहद खिसकती रहती थी—

(क) पश्चिमी (ख) पूर्वी (ग) उत्तरी (घ) दक्षिणी

7. नई दुनिया की खोज किसने की—

(क) वास्कोडिगामा (ग) मैगलेन

(ख) कोलम्बस (घ) पिजारो

8. दूरबीन का आविष्कार किसने किया था—

(क) गैलीलियो (ख) आर्किमिडीज (ग) न्यूटन (घ) विलियम हार्वे

9. प्रोटेस्टैण्ट धर्म का संस्थापक कौन थे—

(क) मार्टिन लूथर (ख) ऑगस्टस (ग) हेनरी चतुर्थ (घ) जॉन हस

10. पोप कहाँ रहता था—

(क) रोम (ख) पेरिस (ग) लन्दन (घ) काहिरा

## खण्ड– ख अतिलघु उत्तरीय प्रश्न ( 10 अंक )

11. सन यात सेन कौन थे ?
12. मेजी पुनर्स्थापना से जापान के किन क्षेत्रों में प्रगति हुई ?
13. 'सैटलर' या 'आबादकार' का क्या अर्थ है ?
14. टेरा न्यूलिअस क्या है ?
15. मूल बाशिंदा से आप क्या समझते हैं ?

## खण्ड– ग लघुउत्तरीय प्रश्न ( $5 \times 6 = 24$ )

16. यूरोपवासियों ने 'नई दुनिया' के देशों को क्या नाम दिये थे ?
17. उत्तर अमेरिका की भौगोलिक स्थिति का परिचय दीजिए।
18. शोगुन प्रणाली के पतन के प्रमुख कारण लिखिए।
19. सन्-यात-सेन के प्रमुख सिद्धान्तों का वर्णन कीजिए।
20. मार्टिन लूथर कौन था ?
21. वेसलेज प्रथा पर टिप्पणी लिखिए।

## खण्ड– घ विस्तृत उत्तरीय प्रश्न ( $9 \times 3 = 27$ )

22. (क) मेजी युग में जापान की प्रगति की विवेचना कीजिए।

**अथवा**

(ख) धर्म सुधार आन्दोलनों के प्रभावों पर प्रकाश डालिए।

23. (क) गोल्ड रश से आप क्या समझते हैं ? हजारों लोग क्यों कैलिफोर्नियां की ओर दौड़ने लगे थे ?

**अथवा**

(ख) इतिहास की पुस्तकों में ऑस्ट्रेलिया के मूल निवासियों को क्यों नहीं शामिल किया गया है ?

24. (क) पुनर्जागरण के क्या कारण थे ? इसका यूरोप पर क्या प्रभाव पड़ा ?

**अथवा**

(ख) मध्यकालीन यूरोपीय समाज के प्रमुख वर्गों का विवरण दीजिए।

**खण्ड– ङ**

25. निम्नलिखित ऐतिहासिक तिथियों से सम्बन्धित घटनाओं का उल्लेख कीजिए- **9**

(क) 1868 (ख) 1914-18 (ग) 1919 (घ) 1945 (ङ) 1964

(च) 1849 (छ) 1861-65 (ज) 1839-60 (झ) 1911

26. **मानचित्र सम्बन्ध प्रश्न-** **10**

मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को .. चिह्न द्वारा दर्शाइए तथा उनके नाम भी लिखिए। सही नाम तथा सही स्थान दर्शाने के लिए 1+1 अंक निर्धारित हैं।

(क) ऑस्ट्रेलिया के मानचित्र ऑस्ट्रेलिया की राजधानी तथा दो प्रसिद्ध शहरों का नाम लिख कर दर्शाइए।

(ख) इटली के मानचित्र में इटली का कौन सा नगर विश्वविद्यालय के लिए प्रसिद्ध था, नाम लिखकर दर्शाइए।

(ग) इटली के मानचित्र में गिरजाघर के लिए प्रसिद्ध नगर का नाम लिखकर दर्शाइए।

***